K-637

Total Pages : 4 Roll No. ....

MASL-610

संस्कृत साहित्य की आधुनिक प्रतिभाएं भाग-02

MA Sanskrit (MASL)

4th Semester Examination, 2023 (Dec.)

Time : 2 Hours] **Max. Marks : 70**

नोट : यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो दो (02) खण्डों क तथा ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।

(खण्ड-क)

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×19=38)

1. आधुनिक संस्कृत साहित्य रचना के संदर्भ में 20वीं शताब्दी के संस्कृत गीतिकाव्य की प्रवृत्तियों का निरूपण करते हुए किन्हीं दो संस्कृत गीतिकाव्य के रचनाकारों का परिचय दीजिए।

2. प्रोफेसर प्रभुनाथ द्विवेदी, गिरधर शर्मा चतुर्वेदी, विन्ध्येश्वरी प्रसाद मिश्र, एवं इच्छाराम द्विवेदी का परिचय देते हुए उनकी आधुनिक संस्कृत साहित्य के क्षेत्र में लघु कथा रचना शैली का निरूपण कीजिए।

3. निम्नांकित में से किन्ही **चार** विधाओं का आधुनिक संस्कृत साहित्य रचना के संदर्भ में सोदाहरण परिचय दीजिए-

   गजल, सोनेट, हाइकु, रेडियो रूपक, लोकगीत।

4. प्रोफेसर चंद्रमौली द्विवेदी एवं प्रोफेसर रेवाप्रसाद द्विवेदी के आधुनिक संस्कृत काव्य शास्त्र में योगदान का विस्तृत विवेचन कीजिए।

5. 'काव्य में सत्यता का सिद्धांत' विषय पर आचार्य ब्रह्मानंद शर्मा के चिंतन पर विस्तृत प्रकाश डालिए।

अथवा

गोविंद चंद्र पांडेय के 'सौंदर्य एवं रस सिद्धांत' का परिचय देकर आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत समीक्षा कीजिए।

(खण्ड-ख)

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×8=32)

1. '20वीं शताब्दी में संस्कृत साहित्य रचना की प्रवृत्तियां' विषय पर टिप्पणी लिखिए।

अथवा

'आधुनिक संस्कृत काव्य रचना की नई विधाएँ' विषय पर परिचयात्मक टिप्पणी लिखिए।

2. 'आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र के नवीन सिद्धांत' विषय पर परिचयात्मक टिप्पणी लिखिए।

अथवा

'आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र में सौंदर्य मीमांसा' विषय पर समीक्षात्मक टिप्पणी लिखिए।

3. 20वीं शताब्दी के किन्ही **चार** संस्कृत गीतिकाव्यों का परिचय दीजिए।

अथवा

किन्ही **चार** आधुनिक संस्कृत गीतिकाव्यों व उनके रचनाकारों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

4. 'आधुनिक संस्कृत उपन्यासों का वैशिष्ट्य' विषय पर प्रकाश डालिए।

5. अभिराज राजेंद्र मिश्र की 'संस्कृत लघु कथा रचना शैली' पर समीक्षात्मक टिप्पणी लिखिए।

अथवा

आधुनिक संस्कृत विधाओं में प्रोफेसर राधावल्लभ त्रिपाठी की रचना धर्मिता पर प्रकाश डालिए।

6. प्रोफेसर चंद्रमौली द्विवेदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दीजिए।

7. किन्हीं **चार** आधुनिक संस्कृत काव्य शास्त्रकारों का परिचय दीजिए।

8. आचार्य रेवाप्रसाद द्विवेदी के अलंकार सिद्धांत को समझाइए।

अथवा

आचार्य रेवाप्रसाद द्विवेदी के 'चतुर्धाम सिद्धांत' का परिचय दीजिए।